# राजस्थान समेत कई कई राज्यों में वाहन चुराने वाली गैंग का पर्दाफाश

## गिरोह का मुख्य सरगना घेवरचंद गुर्जर पैरोल पर जेल से बाहर आने के बाद से फरार था

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । बनी पार्क थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय चौपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए उसके मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर चोरी की एक क्रेटा कार बरामद की है। आरोपी पैरोल पर जेल से बाहर आने के बाद फरार चल रहा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरोह राजस्थान सहित कई राज्यों में दो दर्जन से अधिक वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि बनी पार्क थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय चौपहिया वाहन चोर गिरोह के मुख्य



सरगना मुख्य सरगना घेवरचंद गुर्जर उर्फ अभिषेक निवासी भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है।

इस मामले में पूर्व में मनीष सोलंकी उर्फ बंशी और शोएब मोहम्मद कुरैशी को गिरफ्तार किया था। उनकी निशानदेही पर दो चोरी के

- **पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की क्रेटा कार भी बरामद की**
- **गैंग ने राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और महाराष्ट्र में कई वारदातों को अंजाम देना कबूल किया**

वाहन बरामद किए गए। जहां पूछताछ में सामने आया कि गिरोह का मुख्य सरगना घेवरचंद गुर्जर उर्फ अभिषेक निवासी भीलवाड़ा है, जो चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त और पूरे नेटवर्क का संचालन करता था। पुलिस ने उसकी तलाश कर गिरफ्तार किया तथा उसके कब्जे से करणी विहार थाना क्षेत्र से चोरी की गई एक क्रेटा कार बरामद की।


जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह के सदस्य पहले महंगी गाड़ियों की रैकी करते थे। इसके बाद विशेष तकनीक और उपकरणों की मदद से बिना शोर किए वाहन के शीशे को नुकसान पहुंचा कर वाहन में प्रवेश करते और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के जरिए चाबी को कोडिंग कर वाहन चोरी कर लेते थे। गिरोह के सदस्य चोरी के वाहनों को अन्य राज्यों में बेच देते थे।

पुलिस के अनुसार आरोपी घेवरचंद गुर्जर वर्ष 2020 के एक पॉक्सो मामले में 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा काट रहा था। वर्ष 2024 में 14 दिन की पैरोल पर बाहर आने के बाद वह फरार हो गया था। उसके खिलाफ हत्या, लूट, वाहन चोरी, पॉक्सो और अन्य गंभीर अपराधों सहित कई मामले दर्ज हैं।

पुलिस का कहना है कि गिरोह ने जयपुर के करधनी, चित्रकूट, करणी विहार, श्याम नगर, मानसरोवर, विधायकपुरी और बनीपार्क सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों के अलावा राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और महाराष्ट्र में भी वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है।

# नाहरगढ़ जैविक उद्यान में उमड़ी पर्यटकों की भीड़

## रविवार को 5324 सैलानियों ने किया वन्यजीवों का दीदार



**सुहावने मौसम और अवकाश के चलते रविवार को नाहरगढ़ जैविक उद्यान में पर्यटकों की भीड़ उमड़ी।**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । सुहावने मौसम और अवकाश के चलते रविवार को नाहरगढ़ जैविक उद्यान में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। दिनभर में कुल 5,324 पर्यटकों ने जैविक उद्यान का भ्रमण कर वन्यजीवों का नजदीक से दीदार किया। इस दौरान सिंह सफारी और बाघ सफारी पर्यटकों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण बनी रहीं।

उद्यान प्रशासन के अनुसार 261 से अधिक पर्यटकों ने सिंह एवं बाघ सफारी का रोमांचक अनुभव लिया। विशेष रूप से राजस्थान की पहली श्वेत बाघ सफारी में श्वेत बाघ 'भीम' और उसकी स्वर्णिम रंग की बहन 'स्कंधी' को देखकर पर्यटक रोमांचित नजर आए। दोनों बाघों की अठखेलियों और चंचल गतिविधियों ने सैलानियों का मन मोह लिया। बाघों की गर्जना और सिंहों की शाही मौजूदगी ने सफारी के रोमांच को और बढ़ा दिया।

नाहरगढ़ जैविक उद्यान में संचालित बाघ सफारी और सिंह सफारी इन दिनों जयपुर सहित देशभर से आने वाले पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। प्राकृतिक हरियाली और वन्यजीवों के बीच सफारी का अनुभव लोगों को रोमांच के साथ प्रकृति से जुड़ने का अनूठा अवसर प्रदान कर रहा है।

उप वन संरक्षक विजयपाल सिंह के निर्देशन में पर्यटकों की सुरक्षा, सुविधाओं और प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सहायक वन संरक्षक देवेंद्र सिंह राठौड़ तथा वन क्षेत्राधिकारी शुभम शर्मा ने रविवार को सफारियों की सघन निगरानी कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पर्यटन प्रबंधन दल ने टिकट व्यवस्था, सफारी संचालन, भीड़ नियंत्रण, वाहन संचालन और स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखा। सहायक वन संरक्षक देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि श्वेत बाघ भीम और स्वर्णिम बाघिन स्कंधी को हाल ही में बाघ सफारी क्षेत्र में स्थानांतरित किया गया है। पर्यटकों को बेहतर दर्शन उपलब्ध कराने के लिए दोनों को अलग-अलग समय पर सफारी क्षेत्र में छोड़ा जा रहा है। पूर्व में इनकी गतिविधियां जैविक उद्यान परिसर में ही देखी जाती थीं, लेकिन अब ये बाघ सफारी का प्रमुख आकर्षण बन गए हैं। वन विभाग की सतत निगरानी और प्रभावी प्रबंधन के चलते नाहरगढ़ जैविक उद्यान राजस्थान के प्रमुख वन्यजीव पर्यटन स्थलों में शामिल हो चुका है। यह पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीवों के प्रति जागरूकता और मनोरंजन का महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है।

# रेलवे अस्पताल की पार्किंग से "बुलेट" चुराने वाला गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। सदर थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी के एक मामले में 19 वर्षीय शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की दो रॉयल एनफील्ड (बुलेट) मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। आरोपी के खिलाफ जयपुर शहर के विभिन्न थानों में पहले से आधा दर्जन वाहन चोरी के मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि 29 मई को रेलवे अस्पताल की पार्किंग से चोरी हुई रॉयल एनफील्ड बुलेट के संबंध में सदर थाने में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त धर्मवीर सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी बृजमोहन कविया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

जांच के दौरान पुलिस ने पाथा कुमार उर्फ बिट्टू उर्फ परमेश (19) निवासी पुराना फुलेरा जयपुर ग्रामीण को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने रेलवे अस्पताल पार्किंग से बुलेट चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई बुलेट सहित एक अन्य चोरी की रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल भी बरामद



की। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी दोपहिया वाहनों की पार्किंग और आसपास निगरानी रखता था तथा मौका मिलते ही मास्टर-की की मदद से वाहन चोरी कर फरार हो जाता था। आरोपी पहले भी कई बार बाल सुधार गृह भेजा जा चुका है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल बाबूलाल, कांस्टेबल ईश्वर सिंह, इंद्राज मल और महेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

# योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन की समग्र पद्धति : श्रेया गुहा

**जयपुर** । हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान में 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस रविवार को उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान महानिदेशक एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव (प्रशिक्षण) श्रेया गुहा ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षु अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गुहा ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धित है यह तनावमुक्त जीवनशैली और आध्यात्मिक उन्नित का आधार है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आ ान किया। इस वर्ष की योग दिवस थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन के लिए योग की महत्ता बताई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संदेश का लाइव प्रसारण भी किया गया । इसके पश्चात नेहरू बाल उद्यान में योगाचार्य निशा वी. सिंह के निर्देशन में



आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया गया, जिसमें 300 से अधिक प्रशिक्षु अधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्थान के अतिरिक्त महानिदेशक शाहीन अली खान, अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) डॉ. प्रभा व्यास, अतिरिक्त निदेशक (लेखा) ओंकारमल राजोतिया, योगिता गोयल, सतीश कुमार, उपनिदेशक (प्रशासन) शिप्रा शर्मा मौजूद थे।

## रसोई का लोकार्पण

**जयपुर**। श्री शुकदेव दास निम्बार्क संत आश्रम नायला में रविवार को नव निर्मित विशाल रसोई हॉल का लोकार्पण आश्रम के महंत सर्वेश्वर शरण महाराज ने किया। उद्योगपति जुगल किशोर डेरे वाला एवं महेंद्र डेरेवाला द्वारा 26 लाख रुपए की लागत से बनाये गए इस रसोई भवन में एक साथ 150 से ज्यादा श्रद्धालु भोजन कर सकेंगे। लोकार्पण से पूर्व सभी अतिथियों और वैष्णवों का आश्रम के महंत सर्वेश्वर शरण महाराज ने स्वागत किया। अशोक शर्मा, गणेश अग्रवाल और मुकेश मोदी तीनों सिविल इंजीनियर का सम्मान भी किया गया।

## सार-समाचार

### विद्युत उत्पादन निगम का योग सत्र



**जयपुर** । 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह 7 से 8 बजे तक राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के जयपुर स्थित कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए जीवनदीप भवन लालकोठी, जयपुर में योगाभ्यास सत्र आयोजित हुआ। योगाभ्यास सत्र में उत्पादन निगम के महिला एवं पुरुष कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास किया। 2 अनुभवी योग प्रशिक्षकों पूर्वा राणावत और सुहानी जैन द्वारा सभी कर्मचारियों को दैनिक जीवन में स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण योगासन और प्राणायाम करवाया। योग प्रशिक्षिका पूर्वा राणावत ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के संबंध में जानकारी प्रदान की। योगाभ्यास सत्र में उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक देवेंद्र श्रृंगी, निदेशक प्रोजेक्ट के.एल.मीणा, मुख्य अभियंता सिविल संजीव चौधरी सहित काफी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नौगांवा की बीना देवी को मिला ऋण

**जयपुर** । कोविड लॉकडाउन के कारण रेहडी, ठेले लगाकर सामान बेचने वाले ज्यादातर लोगों के पास पूंजी नहीं बची। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऐसे लोगों को रोजगार की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पीएम स्वनिधि योजना शुरू की लेकिन इसके जबर्दस्त फायदों को देखते हुए इसे लगातार जारी रखा। नौगांवा की बीना देवी ने टीवी में इस योजना के लाभार्थियों की सफलता की कहानी देखी-सुनी थी। वह भी अपने रोजगार को विस्तार देने के लिए लोन लेना चाहती थी लेकिन शुरू में इतना सा ही लोन लेना चाहती थी कि व्यवस्थित रूप से व्यापार बढ़े और फालतू नगदी न पड़ी रहे, अन्यथा बच्चों द्वारा मौजमस्ती में पैसा उडाने का डर था। शुक्रवार को नौगांवा में लगे शहरी सेवा शिविर में बीना देवी को शिविर प्रभारी ने बताया कि उसका नाम पीएम स्वनिधि की पात्रता सूची और सर्वे में है और उसकी आवश्यकता पूरी करने के लिए यही योजना बेस्ट रहेगी। इस पर बीना देवी ने इस योजना में लोन का आवदेन किया और तत्काल औपचारिकताएं पूर्ण कर उसे 15 हजार रूपये लोन की राशि का चेक सौंपा गया। बीना देवी को बताया गया कि समय पर किश्त चुकायेगी तो केवल 7 प्रतिशत वार्षिक दर ब्याज लगेगा। डिजिटल लेनदेन पर मासिक कैशबैक भी मिलेगा।

# ब्लैक फिल्म-हूटर और फर्जी नंबर प्लेट वालों पर चला पुलिस का डंडा

**जयपुर**। सड़क पर मनमानी अब महंगी पड़ रही है। राजस्थान पुलिस के विशेष यातायात अभियान ने ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों पर ऐसी लगाम कसी कि मात्र 17 दिनों में 1 लाख 37 हजार 116 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई दर्ज की गई। सबसे ज्यादा निशाना उन वाहन चालकों पर रहा, जिन्होंने अपने वाहनों के शीशों पर अवैध ब्लैक फिल्म लगाई हुई थी।

पुलिस महानिदेशक यातायात अनिल पालीवाल ने बताया कि 4 जून से 20 जून तक पूरे प्रदेश में एक साथ विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि सडक सुरक्षा को मजबूत बनाना और दुर्घटनाओं की आशंका कम करना रहा।

डीजी ट्रैफिक पालीवाल ने बताया कि अभियान के दौरान 51 हजार 457 वाहनों से ब्लैक फिल्म हटवा कर कार्रवाई की गई। वहीं 35 हजार 206 वाहनों पर नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, 19 हजार 062 वाहनों पर अनधिकृत शब्द व चिन्ह, 13 हजार 597 वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन, 10 हजार 318 वाहनों पर लाल-नीली बत्ती एवं फ्लैशर और 7 हजार 476 वाहनों पर प्रेशर हॉर्न के इस्तेमाल को लेकर कार्रवाई की गई।

- **मात्र 17 दिनों में 1 लाख 37 हजार 116 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई**

आंकडे के अनुसार पुलिस ने ट्रैफिक नियमों के लगभग हर प्रमुख उल्लंघन पर समान रूप से सख्ती दिखाई।

इस अभियान के दौरान शनिवार 20 जून को भी कार्रवाई की रफ्तार कम नहीं हुई। एक ही दिन में 5 हजार 955 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई दर्ज की गई। सबसे अधिक 2 हजार 151 वाहन ब्लैक फिल्म के कारण पकडे गए, जबकि 1 हजार 469 वाहन नियम विरुद्ध नंबर प्लेट, 938 अनधिकृत लेखन, 611 अवैध मॉडिफिकेशन, 455 लाल-नीली बत्ती तथा 331 प्रेशर हॉर्न के मामलों में कार्रवाई के दायरे में आए। जिलेवार प्रदर्शन में जयपुर पश्चिम ने सबसे अधिक 530 कार्रवाई कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद जयपुर ग्रामीण 362, जयपुर यातायात 344 और चित्तौड़गढ़ 264 प्रमुख रहे। इससे स्पष्ट है कि अभियान केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे प्रदेश में एक समान प्रभावी ढंग से लागू किया गया।

# पश्चिमी विक्षोभ के असर से प्रदेश में बारिश जारी

## मौसम विभाग ने 24 जून तक 12 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया

**जयपुर** । पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजस्थान में बारिश का दौर जारी है। रविवार को जयपुर सहित प्रदेश के कई शहरों में हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। झुंझुनूं में सर्वाधिक 34 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने आगामी 24 जून तक राज्य के 12 जिलों में मेघगर्जन, आंधी और बारिश की संभावना जताते हुए सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को जयपुर, पिलानी, कोटा, चूरू, श्रीगंगानगर, झुंझुनूं, संगरिया और दौसा सहित विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा दर्ज की गई। बारिश के साथ कई स्थानों पर तेज हवाएं भी चलीं। इसके बावजूद श्रीगंगानगर सहित चार शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना रहा, जबकि तीन शहरों में रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस श्रीगंगानगर में दर्ज किया गया, जबकि संगरिया में न्यूनतम तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस रहा। जैसलमेर, बाड़मेर और बीकानेर में भी दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। वहीं जोधपुर और पाली में भी रात का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में 22 से 24 जून तक मेघगर्जन के साथ आंधी और वर्षा की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। हालांकि दक्षिणी राजस्थान के कुछ



**राजधानी में रविवार सुबह मानसून पूर्व की तेज बारिश हुई, इससे केडिया पैलेस रोड पर पानी भरने से वाहन चालकों को भारी परेशानी हुई।**

क्षेत्रों में आगामी दिनों में वर्षा की गतिविधियों में कमी आ सकती है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई। शनिवार को राज्य में सर्वाधिक 62 मिलीमीटर वर्षा बारां जिले के अटरू में रिकॉर्ड की गई। वहीं सीकर में न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा।

राजधानी जयपुर में रविवार सुबह घने बादल छाए रहे और लगभग एक घंटे तक रुक-रुक कर तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। दोपहर बाद बादलों के बीच धूप निकलने से उमस बढ़ गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के प्रभाव से जयपुर के अधिकतम तापमान में 1.5 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। शहर का अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# बाढ़ नियंत्रण कक्ष को लेकर जेडीसी ने 24 जून को बुलाई बैठक

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । जयपुर विकास प्राधिकरण में बाढ़ नियंत्रण कक्ष के नाम पर हो रही इंजीनियर्स की मनमानी को जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन ने गंभीरता से लिया है। सूत्रों का कहना है कि इस मसले पर अब 24 जून को बैठक बुलाई है। बैठक में बाढ़ नियंत्रण के नाम पर दोहरे स्तर पर संसाधन जुटाने पर चर्चा की जाएगी।

ज्ञात रहे कि महाजन ने सख्त आदेश दिए थे कि इस बार बाढ़ नियंत्रण कक्ष खोलने का काम केन्द्रीय स्तर पर होगा जो मुख्यालय के स्तर पर खुलेगा। हर बार की तरह एक नियंत्रण कक्ष बनीपार्क में फायर स्टेशन में होगा, जबकि दूसरे आठ अलग अलग जोन में खुलेंगे। इनमें काम आने वाले सामान मड पंप, मिट्टी के कट्टे, जेसीबी, ट्रेक्टर ट्राली, पानी निकालने वाले पंप आदि होंगे। किसी भी जोन में कोई पानी भरने

- **जेडीए में इस बार बाढ़ नियंत्रण कक्ष खोलने का काम केन्द्रीय स्तर पर होना था, इसके बावजूद कुछ इंजीनियर्स ने जोन वाइज किए थे टैंडर**

या अन्य समस्या आती है जो मुख्यालय के एसई, और एक्सईएन डिमांड पूरा करेंगे। कोई भी जोन अपने स्तर पर अलग से टेंडर कर खरीद नहीं करेगा।

सूत्रों का कहना है कि, जेडीसी के इन आदेशों की विभिन्न जोन अवहेलना कर रहे हैं। जोन के इंजीनियर अपने-अपने क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण के इंतजाम के लिए अलग से टैंडर निकाल रहे हैं। जोन 11 का है जिसमें बाढ़ नियंत्रण के काम के लिए 24 लाख रुपए का टेंडर निकाला है। इसी तरह पीआरएन, जोन 12, जोन 7 में गली निकाल ली है। इन जोनों में पेचवर्क के काम में मड पंप, डीजल पंप, ट्रेक्टर ट्राली, जेसीबी, वेक्यूम डी वाटरिंग पंप को शामिल कर लिया है।

### अलग से बैठक कर चर्चा करेंगे

पीडब्लूसी की बैठक के दौरान जेडीसी सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि उन्होंने जयपुर में बाढ़ नियंत्रण कक्ष के नाम पर दोहरे संसाधन जुटाने के लिए उनके पास विभिन्न जोनों से टेंडर मंजूर करने की फाइलें आ रही है। ऐसे में जोन भी वहीं काम करेगे जो जेडीए का बाढ नियंत्रण कक्ष करेगा तो डबलिंग हो जाएगी। बैठक में मौजूद कुछ इंजीनियर्स ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष में समय पर संसाधन नहीं होने या लंबे समय तक संसाधन नहीं मिलने की बात कही। इस पर जेडीसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चर्चा के लिए अलग से 24 जून को बैठक बुलाना तय किया।

### अलग टैंडर तो दरें भी भिन्न आएंगी

जयपुर के विभिन्न जोन बाढ़ नियंत्रण के नाम पर जो संसाधनों की एनआईटी जारी कर रहे हैं उनकी रेटों में अंतर आएगा। कही पर ज्यादा तो कही कम रेट आएगी। इसके साथ ही मुख्यालय स्तर पर जो टेंडर किया है उनमें सबसे कम दर आ सकती है क्योंकि वहां बल्क में संसाधन जुटाएंगे। ऐसे में यह माना जा रहा है कि सभी जोन अपनी अपनी जरूरत बता दें। उसी के अनुसार संसाधन भी जुटा लेंगे और रेटों में भी अंतर नहीं आएगा।

# तनाव को मात देने और कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए पुलिस बेड़े ने सीखा योग का मंत्र

**जयपुर** । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर राजस्थान पुलिस के जवानों और अधिकारियों ने रविवार सुबह सामूहिक योग साधना कर मानसिक सुदृढ़ता और निरोगी काया का संदेश दिया। जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी के विशाल प्रांगण में सुबह ठीक 7 बजे विशेष योग समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय पुलिस योगोत्सव के मुख्य अतिथि राजस्थान के महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा रहे, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में पूरे पुलिस महकमे ने योग की विभिन्न विधाओं को आत्मसात किया।

समारोह में डीजीपी शर्मा ने कहा कि पुलिस की नौकरी बेहद चुनौतीपूर्ण और अत्यधिक मानसिक तनाव से भरी होती है। ऐसे में सभी साथियों के लिए अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए कोई न कोई फिजिकल एक्टिविटी बहुत आवश्यक है। योग एक ऐसी अनुपम पद्धित है जिसे किसी भी समय और किसी भी स्थान पर बिना किसी



महंगे उपकरण के आसानी से किया जा सकता है। यदि हमारे जवान दिन-प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाते हैं, तो इससे न केवल उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, बल्कि चुनौतीपूर्ण ड्यूटियों को निभाने की उनकी कार्यक्षमता में भी जबरदस्त इजाफा होगा। राजस्थान पुलिस अकादमी द्वारा आयोजित इस विशेष शिविर में पुलिस महकमे की विभिन्न महत्वपूर्ण विंग्स का अनूठा समन्वय देखने को मिला। योग के इस महा-अनुष्ठान में पुलिस मुख्यालय, राजस्थान पुलिस अकादमी, फॉरेंसिक साइंस लेबोरेट्री तथा इंटेलिजेंस ट्रेनिंग अकादमी के अधिकारियों, सदस्यों और प्रशिक्षणार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

ARBiT it happens here...



## World Rainforest Day

The rainforests are keeping our planet alive. They're home to half the world's animal species, they provide us with freshwater, and are essential for keeping our climate stable. Yet every second, one and a half hectares is lost, while each year, 78 million hectares of precious rainforest are destroyed. As more and more rainforest is removed, the surrounding wildlife habitats and homes of indigenous people are also more significantly disrupted. That's why World Rainforest Day has been created to take decisive action to combat deforestation, reduce the effects of climate change, and protect our rainforests for future generations.

राष्ट्रदूत
MONDAY
22 June 2026
A-B

#TIGER MARKINGS

# False Eyes For Display

White spots on the back of tigers' ears are constant visual guides for cubs and warning displays





Tigers possess a striking pair of white spots on the backs of their ears, commonly known as o'kelly or "false eyes." These markings are a distinctive and purposeful feature found across all tiger subspecies. Far from being decorative, these white spots function as constant visual signals, playing a crucial role in communication, tension signaling, and survival.

### Structure and Visibility of Ear O'kelly

Each tiger ear displays a bold white oval set against a dark black background. This high-contrast design ensures visibility even in dense forest, tall grass, or low-light conditions. The spots remain clearly visible from behind, regardless of whether the tiger is moving or stationary, making them an ever-present visual cue to other animals.

### Constant Visual Guide for Cubs

One of the most important functions of the white ear spots is to act as a visual guide for tiger cubs. When cubs follow their mother through thick vegetation, the white spots provide a clear focal point to track her movements. This constant visual marker reduces the risk of cubs becoming separated and enhances group cohesion during travel and hunting.

### Warning Displays and Tension Signaling

The ear spots also play a critical role in warning displays and the signaling of tension. When a tiger feels threatened, irritated, or defensive, it often flattens or swivels its ears backward. This movement prominently displays the white spots, instantly signaling aggression or discomfort to rivals, predators, or intruding tigers. In confrontational situations, the sudden emphasis of these bright markings serves as a non-verbal warning, a visual cue that escalation may follow. This allows conflicts to be resolved without immediate physical combat, conserving energy and reducing injury.

### Communication Between Tigers

Tigers are largely solitary animals, but visual communication remains essential when territories overlap. The white ear spots help convey mood and intent at a distance. A relaxed ear position communicates calm neutrality, while sharply rotated ears with fully exposed o'kelly indicate alertness or hostility.

This system of visual signaling is especially effective in environments where sound or scent may be unreliable due to wind, terrain, or distance.

### Deterrence and Predator Confusion


Some researchers suggest that the o'kelly may also function as false eyes, discouraging attacks from behind by giving the impression of constant awareness. This illusion can momentarily confuse potential threats, providing the tiger with a defensive advantage.

### Evolutionary Advantage

The persistence of these markings across all tiger populations suggests strong evolutionary value. By serving simultaneously as a guide for offspring, a warning display, and a tension signal, the white ear spots enhance survival, communication efficiency, and territorial stability.

The white spots on the backs of tigers' ears are a powerful example of how subtle physical features can carry complex meaning. Acting as constant visual guides and warning displays, they allow tigers to communicate tension, intent, and awareness without sound or movement. These markings are an essential part of the tiger's behavioural language, silent, visible, and highly effective.





Irawati Karve with human skulls at the Kaiser Wilhelm Institute of Anthropology, Human Heredity, and Eugenics in Berlin, 1928.



Irawati Karve, pioneering Indian anthropologist and the subject of Iru.

One of the most striking aspects of *Yuganta* is Karve's perceptive analysis of female characters. Her interpretations of Kunti and Draupadi stand out for their psychological depth. Karve portrayed Kunti as a woman navigating difficult moral choices, rather than simply an idealized mother figure. Draupadi, in her reading, emerges as strong, assertive, and deeply human, marked by dignity, anger, and resilience. These interpretations reflect Karve's own position as a "rebel woman," challenging traditional narratives and offering fresh, empathetic perspectives.



Irawati Karve with human remains from the Mesolithic period, Langhnaj, Gujarat, 1944.

# A Rebel Mind

• Bulbul Joshi

In the landscape of modern Indian scholarship, Irawati Karve (1905-1970) stands out as a pioneering figure, an intellectual who challenged conventions, questioned dominant ideologies, and redefined the scope of anthropology in India. Often regarded as one of the first prominent women anthropologists in the country, Karve combined rigorous scientific inquiry with a deeply humanistic approach, earning her a lasting place in both academic and literary traditions.

### A Trailblazer in Anthropology

At a time when academia was overwhelmingly male-dominated, Karve emerged as a formidable scholar. She pursued advanced training in anthropology in Germany, where she worked under Eugen Fischer, a leading but controversial figure associated with racial science. Fischer served as her PhD supervisor, and during this period, Karve engaged in anthropometric research, including the study of human skulls, an area central to early 20th-century racial classification theories. She is known to have examined and analyzed a significant sample, often cited as around 149 skulls, comparing European and Asian physical features.

### Challenging Racial Science

Karve's exposure to racial anthropology did not lead to blind acceptance. Instead, it sharpened her critical perspective. She later questioned the very foundations of racial classification systems promoted by scholars like Fischer, whose ideas were aligned with the ideology of Nazism. These frameworks attempted to divide humanity into rigid hierarchies based on physical traits.

### Fieldwork Against the Odds

After returning to India, Karve joined Deccan College, where she continued her academic career and field research. At a time when women were rarely allowed, let alone encouraged, to conduct fieldwork, especially in remote areas, Karve broke barriers.

She traveled extensively across rural and tribal regions of India, often taking her children along with her into the field. This was highly unconventional in an era when both academic research and women's mobility were heavily restricted. Her use of mobile or field-based methods, including on-site data collection, reflected her commitment to firsthand observation and empirical rigour.

### A New Reading of the Mahabharata

Beyond her scientific work, Karve made a remarkable contribution to literary and cultural studies through her reinterpretation of the Mahabharata. In her celebrated book *Yuganta*, she approached the epic not merely as mythology but as a reflection of historical and social realities. Her perspective was groundbreaking. She treated the characters as real, complex individuals shaped by their circumstances, offering insights into the moral and political dilemmas of their time.

### Women Through a New Lens

One of the most striking aspects of *Yuganta* is Karve's perceptive analysis of female characters. Her interpretations of Kunti and Draupadi stand out for their psychological depth.

Karve portrayed Kunti as a woman navigating difficult moral choices, rather than simply an idealized mother figure. Draupadi, in her reading, emerges as strong, assertive, and deeply human, marked by dignity, anger, and resilience. These interpretations reflect Karve's own position as a "rebel woman," challenging traditional narratives and offering fresh, empathetic perspectives.

### Legacy of a Rebel Scholar

Irawati Karve's legacy lies in her courage to question established norms, whether in science, society, or literature. From critically engaging with European racial theories to conducting fieldwork under challenging conditions, she consistently pushed boundaries.

Her life and work continue to inspire scholars across disciplines. By blending scientific rigour with cultural insight and moral inquiry, Karve not only advanced anthropology in India but also demonstrated the power of independent thought. In doing so, she secured her place as one of the most remarkable and forward-thinking intellectuals of modern India. Many books have been written about her, but this one is with the help of people close to her.

Urmilla Deshpande and Thiago Pinto Barbosa lay out in *Iru: The Remarkable Life of Irawati Karve* the arc of her life as an opportunity to engage with a whole host of questions about 20th century Indian society, the academic world, caste, gender, and much more.

Iru begins with Karve's remarkable journey to Berlin in the 1920s, where she would end up disproving a racist theory about skull sizes in defiance of her supervisor, Eugen Fischer. It ends with a series of ruminations from Karve, grappling with the nature of societal violence and how each one of us is implicated in it. In between, Iru paints a picture of Karve's life, scholarship, and writing without shying away from the less celebrated aspects of her work, such as applying German-inspired tools of physical anthropology on Indian subjects, that have mostly been discarded by the discipline today.

Deshpande, an author who is also Karve's granddaughter, and Barbosa, a postdoctoral researcher in the Institute of Anthropology at Leipzig University, collaborated to create a nuanced portrait of Karve as an important figure of 20th century Indian thought. CASI Managing Editor Rohan Venkat spoke to Deshpande and Barbosa about their unlikely collaboration, what it was like to engage with Karve's complex legacy, the impact of Eurocentrism in social sciences, and how they settled on "critical fabulation" fact-derived storytelling as the form for this biography.

**Rohan: Is there an elevator pitch for the book?**

**Urmilla:** The book is about Irawati Karve, who is my grandmother and the subject of a case study for Thiago's dissertation. We came to it from these two different sides and we were just incredibly lucky to meet each other and be able to collaborate on this. It's about her life, her work, an exploration of the sort of person she might've been, because she died when I was seven, and Thiago never met her. It's an exploration, trying to put together who she might've been from everything that we could find.

**Rohan: Tell me about the form you chose: "critical fabulation."**

**Thiago:** Critical fabulation is an idea coined by Saidiya Hartman and also used by Projit Muhkarji. It comes from the discussion of what historians do about the fact that we cannot find any documents about the millions of women who were in the slave trade and who happened to have died in crossing the ocean, or were captured in Africa and then put to work in America. Do we not write history about them because the knowledge is not there? How do we fill those gaps in history that are important, because those stories need to be told? We need to develop ways of being able to craft narratives with the little material that we have, but still be able to tell a story somehow. This is the principle, this idea of crafting stories that are still based on very solid research.

And that's what we did. We did thorough research, we researched in archives, we interviewed many people, people who knew her, ex-students, ex-colleagues, we read all her texts, many different texts about her too, and we gathered different stories. Urmilla and I would meet in Berlin and go for walks, going to the places where she lived, where she studied. I have a long engagement with the history of the institution where she did her PhD in Berlin because I was working there. Based on all those facts, we allowed ourselves to be creative in forming a narrative that was still based on the real facts, but to try to make a biography that would still be more accessible to the reader and somehow try to get as close to her as we could in this portrayal of this person.

## #IRAWATI KARVE

**Rohan: Urmilla, you talk specifically about your mother (the writer and poet Gauri Deshpande) and her fraught connection to Karve as well.**

**Urmilla:** I think Thiago interviewed my aunt (Karve's daughter) who, when I said I wanted to talk to her, she said, "I don't want to talk about my mother anymore," which is fair; she's 90 years old and talked about her mother her whole life. But yes, I did have to engage with the way my mother dealt with her mother. I think for Thiago, it was different because he really spoke to people who knew her and her colleagues and her students, and so, he got a very different picture of her. And yeah, I can hear the admiration that some of these people had for her, what influence she had, from listening to his interviews and his work. It was strange, because this is someone I knew of course, and yet found out that I entirely didn't know her.

**Thiago:** The interviews were really interesting, and I think it was surprising to me, a lot of people had many memories about her, even though, she died 55 years ago.

**Rohan: What is Irawati Karve's legacy within the academy?**

**Thiago:** In my PhD, my focus was very much on thinking about the legacies of scientific racism and thinking about the legacy of the idea of race in science. And also, the impact of this very German emphasis on racial anthropology in this school of physical and biological anthropology, which, not just Irawati Karve, but also many other Indian anthropologists were trained in. Part of Irawati's work can be seen with critical eyes today, and I think there's a lot of nuance here, and we might need a word of caution because usually, the press shows people as either the hero or the villain.

Even at that time, there were critiques. And I think she was remarkable in making the critique of a certain racial theory about the sizes of skulls (at the institute in Berlin). In that regard, she's very remarkable and progressive. At the same time, her whole obsession with measuring bodies to study the castes and tribes of India and many other places, it's something that today, I think we have reached the agreement that there are many flaws in there, and a lot of that comes from racial sciences. And that's also something we showed in the book. At the same time, her work on many other issues is still very remarkable and could still be articulated for a lot of progressive thinking today, such as her attention to the situation of women in Indian society. She formulated some theories about the origins of caste difference, which are still debated today. And I think some of it also needs critical attention because some of her ideas are being picked up by geneticists in the US, sometimes rather uncritically. And of course, question of the national cohesion and diversity in India is something that she wrote about.

**Rohan: Was there a fear that you would find yourself explaining or apologizing for the more criticized bits of her work?**

**Thiago:** If I would have had the impression that we wanted to write a hagiography, I wouldn't have been in this boat. I think we connected very well on this. The way the book ends, I think that's the antagonism of an apology, because it actually ends with, and people have interpreted this differently in some of the reviews, on this kind of confessional, philosophical rumination, where she sees herself very implicated in bigger processes of societal violence. And that's something that she does also to think about her relation to those German scientists who did happen to be Nazis after she left Germany. When she writes about (German anthropologist and Nazi social scientist) Eugen Fischer when he's very old, I think for his 80th or 85th birthday, the word she uses to describe him is humanity. That's a positive word. Because I think that was in a time where maybe one might have thought Nazis are monsters. Similarly, today we might think of fascists as monsters. But she goes on to say they're human, and the implication of this statement is quite profound. Also, in thinking about racism, about labeling a person racist or non-racist, I think there are different ways to be racist and different ways to be anti-racist. And sometimes, the same person can have contradictory positions in this discussion, right?

**Rohan: It's something that both of you engage with, not just on the question of race, but also on feminism.**

**Urmilla:** I always wondered why my mother didn't talk about her mother (Irawati) as a feminist, because that was not her experience. And that's really important to me. Although Irawati may have been a certain way ideologically, she did not follow those things through in her own personal life.

**Rohan: It also shows up in the work. In one portion, you have a reference to her nuanced response to wife-beating while out in the field.**

**Urmilla:** That was in her Marathi essay, where she was clearly talking about it being widespread. She said, look, as an anthropologist and as a social scientist, I know and I see that this happens and this is widespread everywhere, that's all I'm commenting on. I'm not trying to say it's good or it's bad, because clearly it's bad. I mean, she said, I shouldn't have to comment on that. You know it's a bad thing. But I am saying that it's absolutely widespread and we shouldn't act as if it doesn't exist, it exists everywhere. And she was trying to prove that. She did have a nuanced way of looking at things, for sure, but sometimes, I think it frustrated her that she was saying the obvious thing. At one point, she talks about her being introduced always as some man's appendage, wife or daughter or student, and so on. And when she said that in an ironic essay, people took it seriously. They thought she was celebrating it. She was always frustrated by that. She's like, I'm stating the obvious, and yet people don't get what I'm saying.

**Rohan: Tell me about the presence of French anthropologist Louis Dumont, his space within Indian anthropology and the dialogue between him and Irawati.**

**Thiago:** Because I'm also from Brazil. I was a bit scandalized by this when I went to Germany. That's something, thinking about Eurocentrism, that I will take with me through my life. And that's why I also thought Irawati's case was interesting to think about because she was an Indian person in Berlin in the 1920s, and being trained in this very Eurocentric school.

What Dumont made of Karve's book, *Kinship Organization in India,* demolished Karve's international career. In the critique, you can sense that very old French male anthropologist using a sarcastic, very bitter tone, really taking the whole thing apart and calling her this Brahmin lady from Maharashtra, and also emphasizing the gender, which is a little detail, but very telling. And then asking the question of whether she is mixing all these different things, history with the reading of mythology and ancient text with anthropology, what is this? Is this even the proper anthropological method? Is this a Brahmin method? He made the same critique with other Indian anthropologists.

She has a chapter about the legacy of Dumont for Indian sociology and anthropology because he was this gatekeeper figure, editing the first very internationally known journal of sociology, *Contributions to Indian Sociology.* And that review came out in the first edition of that journal.

**Rohan: I wondered if you might be anticipating similar pushback from critical fabulation, "Is this real biography?" that sort of thing.**


**Urmilla:** I can answer this in just two examples. There are two people in my family who I love very much, one is a young white man, one is an older white man. But they read the first chapter and they were like, "What is this? This is not how biographies are written." But beyond that, I wasn't expecting pushback or anything else because I'm honestly amazed and shocked at how far this book has gone.

**Rohan: What else would you recommend to readers who are interested, including your own work?**


**Urmilla:** If someone wants to go further into scientific racism history, that would be Thiago's book that's coming out. And if someone wants to read more about Irawati's work, I'm actually working on translations of her Marathi essays, which are going to be with Speaking Tiger. And then I'm still working on my novel, which one day, I will complete, so there's that. And I'm working on a new translation of Yuganta after that.

**Thiago:** I think from my side, my book that is coming out called *Racializing Caste: Anthropology Between Germany and India* and the *Legacy of Irawati Karve (1905-1970)* looks at the more critical aspect of Karve's work and thinks about the impact of this German school of racial anthropology. Besides that, I was very fascinated by the work of Projit Muhkarji, who is now at Ashoka University in Delhi. He wrote this book called *Brown Skins, White Coats: Race Science in India*, where Karve is also featured along other scientists from India. I'm now still reading something that I think is also interesting to think about in the context of Berlin in the 1920s and in Nazi times, as well as from the 1930s on, called *Racism and the Making of Gay Rights; A Sexologist, His Student, and the Empire of Queer Love* by Laurie Marhoefer, which is about the work of Magnus Hirschfeld, a German psychologist, and the complications of, limits to, or the contradictions of being anti-racist but, at the same time, being racist. This book really is a biography of Hirschfeld and his Chinese lover and student, and through these two biographies, the book thinks thoroughly about legacies of racism, also in connection to a discussion about queerness and gay rights. And I think the book does that in a very nuanced way as well, while also showing aspects of life in Europe in the 1920s and 1930s.


rajeshsharma1049@gmail.com










## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



संक्षिप्त

## संग्रामपुरा के श्मशान घाट में आग लगी

**निवाई, (निसं)।** गांव संग्रामपुरा के श्मशान घाट परिसर में खड़े एक भारी-भरकम नीम के पेड़ में अचानक अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पेड़ से धुएं के ऊंचे गुबार उठने लगे। श्मशान घाट में अचानक आग की लपटें उठती देख आसपास के ग्रामीणों ने घटना की सूचना नगर पालिका प्रशासन को दी। सूचना पर नगर पालिका की दमकल टीम मौके पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचे फायरमैन दिलखुश गुर्जर, धोलूराम मीणा व फायर ड्राइवर महावीर यादव ने पेड़ पर पानी की बौछारें डालना शुरू किया। करीब एक घंटे की मशक्कत व अथक प्रयासों आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। त्वरित कार्रवाई के कारण इस प्राचीन और भारी-भरकम नीम के पेड़ को पूरी तरह से नष्ट होने से बचा लिया गया। टीम के सदस्यों ने बताया कि नीम का पेड़ काफी बड़ा था और यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो लपटें हवा के साथ तेजी से फैल सकती थीं। ऐसी स्थिति में श्मशान घाट परिसर व उसके आसपास मौजूद अन्य हरे-भरे पेड़-पौधे भी इस भीषण आग की चपेट में आ जाते, जिससे एक बड़ा पर्यावरण संकट हो जाता और वहां मौजूद सभी पेड़ जलकर राख हो जाते।

## 10 सेंटरों पर नीट परीक्षा आयोजित,

**टोंक, (निसं)।** रविवार को आयोजित नीट परीक्षा में जिला मुख्यालय पर 10 सेंटर पर परीक्षा शुरू हुई। इस दौरान परीक्षार्थियों को कड़ी जांच पड़ताल से गुजरने के बाद एग्जाम सेंटरों में प्रवेश दिया गया। एग्जाम के लिए 3264 अभ्यर्थी रजिस्टर्ड है। परीक्षा सेंटरों में सुबह 11 बजे से डेढ़ बजे तक प्रवेश दिया गया। परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले दोपहर डेढ़ बजे परीक्षा सेंटरों के गेट बंद कर दिए गए। परीक्षार्थियों के प्रवेश के दौरान पुलिसकर्मियों से लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरी तरह से कड़ी जांच की। इस दौरान कलेक्टर टीना डाबी, एसपी रोशन मीना समेत एडीएम विनोद कुमार मीना, अति. पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव इत्यादि अधिकारियों ने परीक्षा सेंटरों का दौरा कर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया योग

**निवाई, (निसं)।** 12 वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित हुआ। योग दिवस कार्यक्रम में ब्लॉक के सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया। दक्ष प्रशिक्षक रामकिशन गुर्जर बहादुरपुरा व रमेश घायल ने योग क्रियाएं करवाते हुए बताया कि आंतरिक और आध्यात्मिक विकास के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग शैलियाँ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते है। ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. हरीश टेलर व सहायक नोडल अधिकारी डॉ. सीताराम जाट ने बताया कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा सूर्य नमस्कार, वज्रासन, ताड़ासन, कपालभाति, अनुलोम- विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम, त्राटक, सूर्य नमस्कार, योगिक क्रियाएं व बुद्धि एवं एकाग्रता बढ़ाने वाले मंत्रों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान जीवन में अनुशासन, संस्कार एवं आत्मविश्वास के महत्व से भी अवगत कराया। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, विकास अधिकारी नन्दकिशोर शर्मा, मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी मंजू मीणा व अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षाधिकारी मीना भदौरिया सहित कई अधिकारी-कर्मचारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत लुहारा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग शिविर पर दक्ष प्रशिक्षक अशोक लांगडी द्वारा लोगों को योगाभ्यास करवाया गया। छात्र-छात्राओं सहित वार्ड पंच एवं ग्रामीण मौजूद थे।


नम्बर मिलाइए
8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



# योग हमारी प्राचीन सनातन संस्कृति और ऋषि-मुनियों की अमूल्य परंपरा : जवाहर सिंह बेढ़म

**डीग भरतपुर, (निसं)।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक जलमहल प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय योगोत्सव में गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि योग हमारी प्राचीन सनातन संस्कृति और ऋषि-मुनियों की अमूल्य परंपरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग को पूरे विश्व में सम्मान और स्वीकार्यता मिली है। उन्होंने कहा कि नियमित योग से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और वैचारिक रूप से सशक्त बनता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव संभव होता है। मंत्री बेढ़म ने उपस्थित जनसमुदाय को योग संकल्प दिलाते हुए समाज में स्वास्थ्य, शांति और सकारात्मकता के प्रसार का आव्हान किया।

डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि योग केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन का वैज्ञानिक आधार है। योग व्यक्ति को तनाव और अवसाद से दूर रखकर ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए युवाओं से व्यसनों से दूर रहने का संदेश दिया।

इससे पूर्व जलमहल प्रांगण में राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म और जिला कलेक्टर मयंक मनीष ने भगवान पतंजलि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कोलकाता से तथा मुख्यमंत्री के आबू रोड से प्रसारित संदेश का एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया।

योग प्रशिक्षक लल्लूराम जांगिड़ के निर्देशन में हजारों साधकों ने योगा फॉर हेल्दी एजिंग थीम के तहत 45 मिनट तक सामान्य योग अभ्यासक्रम के अनुसार विभिन्न आसनों, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, शीतली, भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान योग का सामूहिक अभ्यास किया। कार्यक्रम में तीन महत्वपूर्ण शपथ भी दिलाई गई। गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने योग संकल्प, विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने नशा मुक्ति तथा जिला कलेक्टर मयंक मनीष ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। समारोह के अंत में जलमहल परिसर में पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ अतिथियों ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी तथा नागरिक उपस्थित रहे।



डीग जिला मुख्यालय पर जल महल परिसर में आयोजित विश्व योग दिवस में बड़ी संख्या में लोगों ने योगाभ्यास किया।

- गृह राज्य मंत्री बेढ़म ने योग संकल्प, विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने नशा मुक्ति तथा जिला कलेक्टर मयंक मनीष ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई

## कालाडेरा में 12 वाँ अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया

**चौमूं/कालाडेरा।** कालाडेरा नगर पालिका व चौमूं उपखण्ड में 12 वाँ अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। चौमूं उपखण्ड के सामोद पर्वत पर स्थित वीर हनुमान ऋषिकुल वेद विद्यालय एवं वीर हनुमान धाम, नांगल भारडा, में 12 वाँ अंतराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रारंभ में आचार्य व प्रबंधक रविन्द्र कुमार शर्मा के द्वारा विद्यार्थियों को योग क्रियाएं अनुलोम -विलोम कपालभाति आदि करवाई गई। तत्पश्चात विद्यार्थियों व उपस्थित मन्दिर कर्मचारी, आचार्यो को आशीर्वाद प्रदान करते हुए योग शिक्षा भारत के अतीत की शानदार विरासत है जिससे आधुनिक चिकित्सा प्रणालियों के प्रादुर्भाव से मानव के,शक्ति, संतुलन, शारीरिक व्याधियों व दुर्लभ बीमारियों से मुक्ति का एकमात्र उपाय योग शिक्षा ही थी।

आधुनिक समय में भी प्राचीन भारतीय ऋषि मुनियों की इस गौरवशाली पद्धति के महत्व को आधुनिक मानव जगत ने स्वीकार किया है और इसका महत्व बताया। इस अवसर पर वेद विद्यालय के वेदाचार्य शालिग्राम उपाध्याय, हरिप्रसाद आचार्य, मनीष कुमार शर्मा, अभिषेक शर्मा, अविनाश शर्मा, रामचन्द्र यादव,कैलाश सिंह नाथावत कृष्ण कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पावटा में उपखंड स्तरीय समारोह आयोजित

**पावटा, (निसं)**उपखंड पावटा व विराटनगर में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपखंड स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। उपखंड पावटा में कार्यक्रम बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर परिसर व उपखंड विराटनगर में नगर वन बीजक रोड सहित सरकारी विद्यालयों में आयुर्वेद विभाग एवं उपखंड प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, पावटा कार्यक्रम का शुभारंभ पावटा उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा व विराटनगर कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड व विराटनगर उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' रही। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर योगाभ्यास किया। उसके बाद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का लाइव सम्बोधन सुना गया।



बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर में सामूहिक योगाभ्यास हुआ।

कार्यक्रम के दौरान मदन, संदीप मीणा एवं डॉ. नाहर मल यादव सहित योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम करवाए गए। इस दौरान ग्रीवा संचालन, स्कंध संचालन, कटी चालन, ताड़ासन, अर्द्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, पूर्ण उष्ट्रासन, पवनमुक्तासन, शवासन सहित कपालभाति, अनुलोम-विलोम एवं भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने प्रत्येक आसन के लाभ एवं सावधानियों की जानकारी देते हुए योग को नियमित जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

वहीं ब्लॉक आयुष चिकित्सालय पावटा योग प्रभारी चन्द्रहास शर्मा, विराटनगर योग प्रभारी राजेंद्र कुमार वर्मा सहित उपस्थित लोगों को योग के महत्व, इसके स्वास्थ्य लाभों तथा नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभों की विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि आज पूरे विश्व और देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और प्रेरणा से योग आज भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत से आगे बढ़कर संपूर्ण विश्व में स्वास्थ्य, शांति और कल्याण का प्रतीक बन चुका है। सभी के उत्तम स्वास्थ्य, सुख और समृद्धि की कामना करते हुए योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। समारोह में मौजूद लोगों ने सामूहिक रूप से योगासन कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

- योग से स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन का मिला संदेश
- जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा मौजूद आमजन ने योगाभ्यास के माध्यम से दिया स्वस्थ तन-मन का संदेश

# सिंगोद में पंचमुखी हनुमान जी महाराज का वार्षिक पाटोत्सव मनाया

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं उपखण्ड के ग्राम सिंगोद में स्थित पंचमुखी हनुमान मन्दिर आश्रम धाम में आयोजित श्री पंचमुखी हनुमान जी महाराज का वार्षिकपाटोत्सव रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में क्षेत्र सहित दूर-दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन पंचमुखी हनुमान मंदिर आश्रम सिंगोद के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर ओंकारदास जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित हुआ। पाटोत्सव के तहत रविवार प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन, अभिषेक एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। इसके बाद सुंदरकांड पाठ एवं हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



पंचमुखी हनुमान मंदिर आश्रम सिंगोद के महामंडलेश्वर ओंकारदास जी महाराज के सान्निध्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

शाम को आयोजित मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और धार्मिक वातावरण में उत्साहपूर्वक शामिल हुए। शनिवार शाम कोआयोजित नगर भ्रमण में जीवंत झांकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रहीं।

पंचमुखी हनुमान धाम आश्रम से रवाना हुई शोभायात्रा सिंगोद कला, सिंगोद खुर्द, बस स्टैंड, मुख्य बाजारों एवं प्रमुख मार्गों से होकर निकली। शोभायात्रा में शिव परिवार, राम दरबार, शिव-पार्वती एवं महाबली हनुमान जी की आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वहीं शिव तांडव एवं अग्नि नृत्य की प्रस्तुति ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# टोंक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित

**टोंक, (निसं)।** जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के पुलिस परेड ग्राउंड में रविवार को मुख्य समारोह उत्साह एवं अनुशासन मय वातावरण में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी रहे। इस अवसर पर जिला प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा जिला कलक्टर टीना डाबी, पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा, विधायक राजेंद्र गुर्जर, एडीएम विनोद कुमार मीणा,पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया,पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन,पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, राजेंद्र पराना, नरेश बंसल, सतीश चंदेल, विष्णु शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारियों, पुलिस के जवानों, विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, युवाओं ने भी योगाभ्यास में भाग लिया।

आरोग्य के देवता भगवान धनवंतरी एवं पतंजलि को दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। इसके पश्चात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संदेश एवं संबोधन का प्रसारण किया गया। स्थानीय योग साधक भागीरथ गुर्जर एवं रेखा चौधरी द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया गया।

अपने संबोधन में पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि योग भारत की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ शरीर एवं संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने सभी को नियमित योग करने तथा स्वस्थ एवं निरोगी समाज के निर्माण में सहभागी बनने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने उपस्थित जनसमूह को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं नियमित योगाभ्यास का संकल्प भी दिलाया।

# भौनावास में भव्य कलश यात्रा निकली, भक्तिमय माहौल में गूंजे जयकारे

**पावटा, (निसं)।** भौनावास कस्बे के बिहारी दास गोपाल जी मंदिर यज्ञशाला में आयोजित धार्मिक अनुष्ठान के तहत रविवार को भव्य कलश यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। कलश यात्रा बावड़ी धाम से प्रारंभ होकर गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए बिहारी दास गोपाल जी मंदिर स्थित यज्ञशाला पहुंची। यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में धार्मिक जयकारों और भजन-कीर्तन की गूंज सुनाई दी। आयोजन समिति के अनुसार कलश यात्रा में 151 महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर मंगल कलश धारण कर भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ प्रातः पूजा-अर्चना एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। डीजे, बैंड-बाजों और भक्ति संगीत के बीच श्रद्धालु उत्साहपूर्वक आगे बढ़ते रहे। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कलश यात्रा को लेकर भौनावास सहित आसपास के गांवों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। गांव के मुख्य मार्गों को भगवा ध्वजों, तोरण द्वारों एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में रंगा नजर आया। मंदिर यज्ञशाला में इन दिनों यज्ञ एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चल रही है। आयोजन समिति ने बताया कि कलश यात्रा के यज्ञशाला पहुंचने के बाद वैदिक अनुष्ठान संपन्न हुए तथा आगामी दिनों में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ महा प्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा। कलश यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। आयोजकों ने श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सहयोग की सराहना की।



बिहारी दास गोपाल जी मंदिर यज्ञशाला मेंकलश यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली।

- आगामी दिनों में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ महा प्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा

सार-समाचार

## शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए करें नियमित योग : एसडीएम



**सांभरझील, (निसं)।** यहां ब्लॉक स्तर पर 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल के सानिध्य में उत्साह के साथ मनाया गया। प्राचीन योग पद्धित पर विस्तार से जानकारी देते हुए इसके फायदे गिनाए गए। नगरपालिका सांभर की तरफ से पीएम श्री दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में व्यवस्था को अंजाम दिया गया। शिक्षकों व अनेक विद्यार्थियों ने योग की विभिन्न मुद्राओं को सीखा। इस मौके पर उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल ने कहा कि योग करने से शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के साथ एकाग्रता भी बढ़ती है। इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। एसडीएम ऋषिराज ने यह भी कहा कि योग हमारी हजारों साल पुरानी परंपरा है। वर्तमान हालात में खासकर युवा पीढ़ी को योग कर अपनी ऊर्जा के स्तर को बढ़ाना चाहिए क्योंकि तन स्वस्थ रहेगा तो मन प्रसन्न होगा। योग से आध्यात्मिकता का मार्ग भी खुलता है, उन्होंने कहा कि हम आज से ही संकल्प लें कि हम इसे नियमित दिनचर्या में शामिल करेंगे और सभी को इसके लिए प्रेरित कर एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करने में अपनी भूमिका अदा करेंगे। इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी छगन लाल यादव, खंड विकास अधिकारी बंशीलाल यादव, लेखाधिकारी गोपाल सिंह पंवार, कैशियर दलपत सिंह राठौड़, पालिका के नेमीचंद वर्मा, भीमाराम कुमावत सहित अनेक विभागों के अधिकारियों व विद्यार्थियों की मौजूदगी रही। सभी ने उत्साह के साथ इसमें अपनी भागीदारी निभाई।

## योग शिविर आयोजित

**फुलेरा, (निसं)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपजिला चिकित्सालय फुलेरा में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक शक्ति सिंह ने उपस्थित जनों को योग के महत्व की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम ही नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवन का आधार भी है। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि जीवनभर अपनाई जाने वाली साधना है, जो मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करती है। योग प्रशिक्षक ने बताया कि आयुष मंत्रालय द्वारा इस वर्ष घोषित विषय मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित है। वर्तमान समय में तनाव, अवसाद, चिंता, अनिद्रा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर एवं अन्य गैर-संचारी बीमारियों के बढ़ते प्रभाव के बीच योग एक प्रभावी समाधान के रूप में उभर रहा है। शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इनमें ताड़ासन, मकरासन, भुजंगासन, शशांकासन, मंडूकासन, हलासन, शलभासन तथा चक्रासन सहित अनेक आसनों का अभ्यास करवाया गया। साथ ही भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम, बाह्य प्राणायाम, उज्जायी, शीतली और कपालभाति प्राणायाम भी कराए गए। कार्यक्रम के समापन पर सभी योग साधकों ने योग एवं आयुर्वेद को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा नियमित अभ्यास करने का संकल्प लिया।

## न्यायालय परिसर में योग शिविर सम्पन्न

**भरतपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान की अनुपालना में अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर योग षिविर का आयोजन जिला न्यायालय परिसर में हार्टफुलनेस संस्था के समन्वय से किया गया।षिविर मेंयोग प्रषिक्षक श्याम सिंह भरंगर, अध्यापक, सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, घुस्यारी, भरतपुर द्वारा प्रषिक्षण प्रदान किया गया। षिविर में प्रषिक्षक द्वारा विविध योगासनों जैसे भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, कपालभाती, प्राणायाम एवं अनुलोम-विलोम आदि करवाया गया। साथ ही प्रषिक्षक द्वारा समस्त प्रतिभागियों से दैनिक रूप से योग अभ्यास किए जाने का आव्हान किया गया एवं उनके द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन योग अभ्यास से अनेक तरह की बीमारियां, तनाव आदि बिना किसी चिकित्सा के स्वतः ही समाप्त हो जाती है। योग षिविर में सचिन गुप्ता, विषिष्ट न्यायाधीष, पोक्सो सं. 01, भरतपुर, गुन्जन गोयाल, विषिष्ट न्यायाधीष, डकैती प्रभावित क्षेत्र, चेतन कुमार गोयल, अतिरिक्त सेषन न्यायाधीष, महिला उत्पीडन प्रकरण, भरतपुर, गोविन्द राम मीणा, विषिष्ट न्यायाधीष, अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण प्रकरण), भरतपुर, नवीन कुमार किलानियॉ, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर, सीमा शर्मा, विषिष्ट अपर मुख्य न्यायिक मजि. पीसीपीएनडीटी प्रकरण, भरतपुर, दीपिका सिंह, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सं. 02, भरतपुरएवं न्यायिक कर्मचारीगण द्वारा भाग लिया।

## स्वस्थ तन-मन के लिए योग जरूरी : विधायक विक्रम बंशीवाल

**सिकराय, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को महात्मा गांधी राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में विधायक विक्रम बंशीवाल ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों के साथ सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। आयोजित कार्यक्रम में योग के प्रति लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। विधायक बंशीवाल ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक संपूर्ण जीवनशैली है। योग के माध्यम से व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनता है तथा तनावमुक्त जीवन जी सकता है। उन्होंने युवाओं एवं आमजन से नियमित योग को दिनचर्या में शामिल करने का आव्हान किया।


**नाम संशोधन सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं साक्षी शक्तावत पुत्री श्री शिवराज सिंह शक्तावत निवासी प्लॉट नं. 62/127, हीरा पथ, मानसरोवर, जयपुर (राजस्थान) शपथपूर्वक यह घोषणा करती हूँ कि मेरे कुछ शैक्षिणक दस्तावेजों मे मेरे पिता का नाम एस.आर.एस. शक्तावत व कुछ दस्तावेजों मे शिवराज सिंह शक्तावत दर्ज है। जो की दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे पिताजी) के है। शिवराज सिंह शक्तावत व एस. आर.एस. शक्तावत दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। नाम में यह अंतर केवल संक्षिप्त (Initials/Abbreviation) एवं पूर्ण नाम लिखे जाने के कारण है इनका किसी अन्य व्यक्ति से कोई संबंध नही है। भविष्य मे किसी भी शासकीय, अद्धर्शासकीय शैक्षिणक, बैंकिंग, पासपोर्ट अथवा अन्य प्रयोजनों हेतु एस.आर.एस. शक्तावत एवं शिवराज सिंह शक्तावत" को एक ही व्यक्ति का नाम माना व समझा जाए।

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला श्रीमती मकसूद बानो पत्नि फारूक अली निवासी 43, राजोरिया स्कूल के पास, कमला नेहरू नगर, हसनपुरा जयपुर का मंझला पुत्र सोहेल खांन मेरी मुवक्किला के कहने में नहीं है, गलत संगत में है, शराब व अन्य नशा करता है तथा आये दिन मेरी मुवक्किला से लड़ाई-झगडा करता है, गैर मजहब की लडकी को भगाकर शादी करने की धमकीयां देता है, अनुचित राशि की मांग करता है, मरने मारने की धमकी देता है, इसलिए मेरी मुवक्किला ने अपने पुत्र सोहेल खांन को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इसलिए सोहेल खांन का मेरी मुवक्किला की चल-अचल संपत्ति से कोई संबंध व हक अधिकार नही रहा है। सोहेल खांन के द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन, संव्यवहार व कृत्यो के बारे मे मेरे मुवक्किला की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नही रहेगी। अतः सूचित रहे।
(नवल किशोर सिंघल) एडवोकेट, मो.-9314876234

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जयनारायण आर्य पुत्र श्री महादेवा राम निवासी हिरवा जिला झुंझुनूं द्वारा निजि खातेदारी योजना मेरा प्लाट नं.85 (न्यू पिंक सिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड गोपालपुरा क्रांसिंग, जयपुर अलॉट हुए मूल दस्तावेज (आवंटन पत्र) के खोये जाने पर गुमशुदगी रिपोर्ट, स्थानीय समाचार पत्र में खोया-पाया कि प्रति व वाद-विवाद को शपथ-पत्र के आधार 6 पर ऑनलाईन क्रमांक... दिनांक 21/06/2026 द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज आधार पर लीजडीड जारी किये जाने के संबंध में प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समर्क प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा आवेदक के पक्ष में नाम हस्तान्तरण/लीजहोल्ड से फ्री होल्ड पट्टा जारी करने की कार्यवाही संपादित कर दी जावेगी।
जयनारायण शर्मा, मो. 9460094256

**NAME CHANGE**

I have changed my name from Padam Kumar Jain to Padam Kumar Chandwar for all purposes R/o 10 Yamuna path Suraj nagar west Civil Line Jaipur

I army no 15177645K Ex Hav Shekhawat shailendrasingh ramsingh resident of 420 pawanpuri west jhotwara jaipur that i want to change name of my dependent from RAM SINGH to RAM SINGH SHEKHAWAT vide affidavit dated 15 June 2026 before sub divisional majistrate Jaipur city north

**न्यायालय - जिला न्यायाधीश महोदय मेडता**
**पीठासीन अधिकारी -तारा अग्रवाल आर जे एस ( डी जे केडर )**
दीवानी विविध प्रकरण संख्या
20/2025 अन्तर्गत धारा 372 भा0उ0अ0
प्रार्थी :- दिलीपसिंह
**विरुद्ध**
अप्रार्थीगण:- किरण व अन्य

आप नरपतसिंह पुत्र स्व. जयसिह जी, जाति राजपूत, आयु 67 वर्ष, निवासी प्लॉट नम्बर 85 गायत्री नगर, विस्तार, शिप्रा पथ, नियर फायर स्टेशन, अग्रवाल फार्म के नजदीक, जयपुर (राजस्थान) को सूचित किया जाता है, कि इस प्रकरण के प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर इस न्यायालय द्वारा दीवानी विविध प्रकरण संख्या 11/2024 निर्णय दिनांक 27.11.2024 में जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जो स्व. जयसिंह के स्टेट बैंक आफ बीकानेर एण्ड जयपुर शाखा डेगाना मे जमा राशि बाबत जारी किया गया। जिसके विस्तारण हेतु प्रार्थना की है। जिससे आपको सूचना दी जाती है, कि दिनांक 02.07.2026 को समय 10.30 AM बजे दिन मे इस न्यायालय मे स्वयं अथवा अधिवक्ता के जरिये उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र के विरुद्ध आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा प्रार्थना पत्र आपके अनुपस्थिती मे सुना जाकर विधि अनुसार निर्णित किया जावेगा। आज दिनांक 25.05.26 को न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

गोल मोहर

न्यायाधीश
वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सेशन न्यायालय मेडता (राज.)

## संक्षिप्त

### शाहपुरा में योग दिवस मनाया

**शाहपुरा, (निसं)।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश कार्यालय परिसर शाहपुरा में राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों के द्वारा समस्त स्टाफ सहित इस योग शिविर में भाग लिया गया। अपर जिला एवं सत्र सेशन न्यायाधीश ललिता शर्मा के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में न्यायालय परिसर में 12 वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का प्रोटोकॉल की पालना के अनुरूप योग-शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर की अध्यक्षता एडीजे प्रथम ललिता शर्मा द्वारा की गई। एडीजे प्रथम ललिता शर्मा ने बताया कि योग हमारे शरीर को लचीला बनाये रखता है। नियमित योगाभ्यास से शरीर की रक्तवाहिनियां का प्रवाह अवरूद्ध नहीं होता। हमारे श्वसनक्रिया के विकारों को दूर करता है। योगाभ्यास मानसिक तनाव, डिप्रेशन को दूर करता है। इस योग शिविर में मुंसिफ मजिस्ट्रेट दिव्यांश मीणा भी उपस्थित रहे। इन्होंने कहा कि हमें हमारे शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए नियमित खेल से जुड़ाव रखना चहिए। खेल से शरीर के सभी अंगों को लाभ मिलता है और हमारे वृद्धावस्था तक भी शरीर में दर्द नहीं रहता।

### ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**निवाई, (निसं)।** हिन्दुस्तान स्काउट्स एण्ड गाइड्स राजस्थान राज्य के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं के समय का सदुपयोग करने के उद्देश्य से एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। डीओ स्काउट राजेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन शिविर में कुल 50 छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। शिविर के दौरान विद्यार्थियों को अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा सिलाई, नृत्य व पेंटिंग जैसे विभिन्न रचनात्मक व कौशलयुक्त कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों ने कई महत्वपूर्ण और जीवनोपयोगी हुनर सीखे, जिससे उनके आत्मविश्वास में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिली। शिविर के समापन समारोह में मुख्य अ प्रधानाचार्य गोपाललाल मीणा रहे। उन्होंने शिविर में भाग लेने वाले सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए और उनके द्वारा सीखे गए कौशलों की सराहना करते हुए शिविर का विधिवत समापन किया।

### निवाई में योग दिवस आयोजित

**निवाई, (निसं)।** नोडल महाविद्यालय में कन्या महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में प्रोफेसर मीनाक्षी बघेल की अध्यक्षता में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। इसके अंतर्गत योग प्रशिक्षक प्रतिष्ठा कुमावत द्वारा दोनों महाविद्यालय के समस्त कार्मिक एवं छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास करवाया गया। इनमें सूर्य नमस्कार, वज्रासन, ताड़ासन, कपालभाति, अनुलोम- विलोम, भ्रामरी इत्यादि योग करवाएं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रूपा चौधरी ने योग प्रशिक्षक का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### री-नीट परीक्षा की भीड़ से पावटा में लगा जाम

**पावटा, (निसं)।** कस्बे में रविवार को अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के चलते अंडरपास, फ्लाईओवर के नीचे तथा सर्विस रोड पर लंबा जाम लग गया। जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि पावटा उपखंड अधिकारी (एसडीएम) एवं पुलिस की गाड़ी भी उसमें फंस गई। करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, री-नीट परीक्षा के आयोजन के कारण क्षेत्र में अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों की आवाजाही सामान्य दिनों की तुलना में अधिक रही।

### टॉयलेट निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपये की घोषणा

**शाहपुरा, (निसं)।** सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एयू बैंक ने लाल बहादुर राजकीय उपजिला चिकित्सालय, शाहपुरा में टॉयलेट निर्माण के लिए 1 लाख 50 हजार रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है। यह घोषणा एयू बैंक के स्वदेश बैंकिंग हेड सुल्तान सिंह पलसानिया ने की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद योगी ने बैंक की इस पहल का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

# अलवर को सुन्दर, स्वच्छ एवं विकसित शहर बनाना प्राथमिकता : भूपेन्द्र यादव

- केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने 76.55 लाख रुपए की राशि से निर्मित कम्पनी बाग, केंद्रीय कारागृह में पिंक टॉयलेट व शिवाजी पार्क में सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण कराया



वन मंत्री भूपेन्द्र यादव व राज्यमंत्री संजय शर्मा ने शहर में करोड़ों के विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए ।

**अलवर, (निसं)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव तथा वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने विशेष पहल कर स्थानीय महिलाओं से कंपनी बाग में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 (शहरी) के अंतर्गत 76.55 लाख रुपए की राशि से निर्मित कम्पनी बाग, केंद्रीय कारागृह में पिंक टॉयलेट व शिवाजी पार्क में सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण कराया।

केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि अलवर संसदीय क्षेत्र का चहुंमुखी विकास पहली प्राथमिकता है तथा आमजन की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सडक, रेल, शिक्षा, चिकित्सा आदि क्षेत्रों सार्थक प्रयास करते हुए विकास को गति प्रदान की गई है। उन्होंने अलवर के सर्वांगीण विकास को आगे बढाते हुए नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रतिबद्धता रही है तथा इसी दिशा में निरन्तर काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित शौचालय की उपलब्धता महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथा पिंक टॉयलेट महिलाओं की सुविधा और सम्मान को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा एवं सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए स्वच्छ भारत मिशन 2.0 (शहरी) के अंतर्गत दो पिंक टॉयलेट एवं सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण किया गया है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण में भी हमारा लक्ष्य टॉप के 10 शहरों में आने का है, जिसके लिए उन्होंने सभी नागरिकों की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अलवर शहर में मातृशक्ति की सुविधा के लिए दो नए पिंक टॉयलेट एवं आमजन की सुविधा हेतु एक सार्वजनिक शौचालय आज लोकार्पित किए गए हैं।

कार्यक्रम में जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, सरस डेयरी चेयरमैन नितिन सांगवान, पूर्व महापौर घनश्याम गुर्जर, संजय नरुका, बन्नाराम मीना, रिषीराज शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सतीश यादव, हरीश जैन, सतीश यादव, पं. जले सिंह, जितेन्द्र राठौड, महेश निहालवानी, सुमन चौधरी, नवीन यादव, जितेन्द्र सैनी, इंद्र यादव सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं निवर्तमान पार्षदगण, नगर निगम कार्मिक एवं आमजन मौजूद रहे।

### अनुराग सेवा संस्थान ने 15 पानी की टंकियां रखवाई

**लालसोट, (निसं)।** अनुराग सेवा संस्थान द्वारा स्थापना के 31 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे "अनुराग-31" अभियान के तहत रविवार को पितृ दिवस के अवसर पर गौवंश एवं आवारा पशुओं के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में सराहनीय पहल की गई। संस्थान ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 15 पानी की टंकियां (फर्मे) रखवाकर पशुओं के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने का प्रयास किया। पहले चरण में हनुमान वाटिका, नेहरू कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, दादू वाटिका, कबीर कॉलोनी, गणपति नगर, सुरक्षित नगर, लाम्बा पाड़ा एवं व्यासजी की कोठी सहित विभिन्न स्थानों पर पानी की टंकियां स्थापित की गई हैं। इन टंकियों को स्थानीय निवासियों की नियमित पानी भरने की प्रतिबद्धता के आधार पर उनके द्वारा सुझाए गए स्थानों पर रखा गया है।

# 'अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ एवं प्रकरणों का त्वरित करें निस्तारण'

- जिला प्रभारी सचिव व जिला कलेक्टर ने गुंसी में ग्रामीण सेवा शिविर का औचक निरीक्षण किया



गांव गुंसी में पात्र को लाभांवित करते हुए जिला प्रभारी सचिव विश्व मोहन शर्मा व जिला कलेक्टर टीना डाबी।

**निवाई, (निसं)।** कमिश्नर मिड डे मील एवं जिला प्रभारी सचिव विश्वमोहन शर्मा ने ग्राम पंचायत गुंसी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का औचक निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उनके साथ जिला कलक्टर टीना डाबी भी उपस्थित रही।

जिला प्रभारी सचिव ने विभागवार स्टॉलों का अवलोकन कर प्राप्त आवेदनों एवं उनके निस्तारण की जानकारी ली तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। शिविर राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। जिला प्रभारी सचिव एवं जिला कलक्टर ने लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित किया। पंचायतीराज विभाग की ओर से मनभर देवी, रामफूल, निर्मल कंवर, लक्ष्मी कंवर,जवाहरलाल व हनुमान प्रसाद को आवासीय पट्टे प्रदान किए गए। साथ ही वर्षो पुराने भूमि विवाद का सहमति से बंटवारा करवाकर परिवादियों को राहत पहुंचाई।

वहीं मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत लाली, चंपा, अनीता, जानकी, पांची देवी, रुकमा देवी, शिमला, कमला देवी, नाथी देवी, बादाम देवी एवं गुड्डू देवी को बीमा पॉलिसियां वितरित कर लाभान्वित किया गया। जिला प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।उन्होंने जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़, तहसीलदार नरेश गुर्जर, विकास अधिकारी नंदकिशोर शर्मा सहित जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाकर स्वस्थ जीवन जिएं : विधायक पटेल

- जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता ने बताया योग को शरीर, मन और आत्मा को जोड़ने वाली अमूल्य विधा



पाना देवी महिला महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

**कोटपूतली , (निसं)।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जिलेभर में योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन पाना देवी कन्या महाविद्यालय, कोटपूतली में प्रात: 6 से 8 बजे तक किया गया। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' रही।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता, जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों, महिलाओं, बच्चों एवं बड़ी संख्या में आमजन ने सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया।

विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य देन है, जिसकी महत्ता को आज पूरी दुनिया स्वीकार कर रही है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में योग दिवस एक वैश्विक आंदोलन का रूप ले चुका है।

उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, तनावमुक्त और ऊर्जावान जीवन जी सकता है। उन्होंने आमजन से आव्हान किया कि योग को केवल योग दिवस तक सीमित न रखते हुए इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाएं।

जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता ने कहा कि योग भारत द्वारा विश्व को प्रदान की गई एक ऐसी अमूल्य विधा है, जो मानव जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# पावटा में एसडीएम ने री-नीट-यूजी परीक्षा का निरीक्षण किया

- पावटा में चार केंद्रों पर 1349 अभ्यर्थी शामिल हुए
- परीक्षा के निष्पक्ष और सुचारू संचालन के लिए प्रशासन द्वारा मजबूत व्यवस्थाएं की

**पावटा, (निसं)।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित री- नीट-यूजी 2026 परीक्षा का आयोजन रविवार को पावटा के निर्धारित चार परीक्षा केंद्रों पर प्रशासन की व्यापक तैयारियां के बीच सफलता पूर्वक संपन्न हुई। एग्जाम सिटी कोऑर्डिनेटर संजू जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि पावटा में कुल चार परीक्षा केंद्र जवाहर नवोदय विद्यालय, नर्बदा देवी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय प्रागपुरा बनाए गए, जहां कुल 1349 अभ्यर्थियों में से 1175 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए व 174 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे तक आयोजित हुई। अभ्यर्थियों को दोपहर 1:30 बजे तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। प्रशासन की कड़ी निगरानी और सक्रियता के कारण परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित की गई। परीक्षा के दौरान जिला कलेक्टर अर्पणा गुप्ता, पावटा उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा, तहसीलदार लोकेंद्र मीणा, एग्जाम सिटी कोऑर्डिनेटर संजू जोशी, प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा के निष्पक्ष और सुचारू संचालन के लिए प्रशासन द्वारा मजबूत व्यवस्थाएं की गई। जिसके लिए इनविजिलेटर, ऑब्जर्वर और ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात किए गए। इसके साथ ही पर्याप्त सहायक स्टाफ भी लगाया गया, ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और व्यवस्थित रहे।

जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती, सघन निगरानी और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई। ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने बताया कि परीक्षा के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई।

# योग दिवस पर खैरथल व किशनगढ़ बास में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास किया

- योग मनुष्य को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाता है - जिला जज शैलेन्द्र व्यास



न्यायालय परिसर में जिला जज शैलेन्द्र व्यास, न्यायिक अधिकारी व वकील, पुलिस एवं न्यायिक कर्मचारी योगाभ्यास करते।

**किशनगढ़बास/ खैरथल , (निसं)।** विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खैरथल तिजारा जिले के अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र व्यास के निर्देशन में किशनगढ़ बास न्यायालय परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से योग के प्रति जागरूकता एवं स्वास्थ्य संवर्धन का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर जिला सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र व्यास, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 02 लोकेश मीणा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 02 नीतू रानी, मुंसिफ मजिस्ट्रेट डॉक्टर रिमझिम सहित पुलिस उपाधीक्षक लाल सिंह यादव, थानाधिकारी बनवारी लाल मीणा, बार अध्यक्ष राकेश तिवाड़ी समेत समस्त न्यायालय कर्मचारीगण व अधिवक्तागण मौजूद रहे।

जिला सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र व्यास ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2014 में भारत के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। इसके बाद 21 जून 2015 को पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में उत्साहपूर्वक मनाया गया। 21 जून वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है, इसलिए इस तिथि का विशेष महत्व माना गया है। उन्होंने कहा योग मनुष्य को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाता है। योगाभ्यास कार्यक्रम का संचालन पूर्व सैनिक हीरालाल यादव ने किया।

एसडीएम सत्यवीर यादव के निर्देशन में उपखंड स्तरीय योग कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के मैदान पर किया गया। योग प्रोटोकॉल का प्रदर्शन रवि यादव द्वारा किया गया, जिसका अनुसरण कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 370 प्रतिभागियों, अधिकारी-कर्मचारियों एवं नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम अध्यापक एवं रघुवीर सिंह शारीरिक शिक्षक ने किया।

आदर्श विद्या मंदिर किशनगढ़ बास में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से सामूहिक योगाभ्यास कर योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। यहां पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल, सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता , स्वयंसेवक, व आमजन शामिल हुए। खैरथल पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मैदान पर जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश के निर्देशन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

### विधायक धनकड ने आमजन की समस्याएं सुनीं

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड द्वारा विराटनगर क्षेत्र के विकास एवं जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न गांवों से आए नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विधायक कुलदीप धनकड द्वारा आमजन की समस्याओं, सुझावों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को गंभीरता से सुना गया तथा उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों को रखा। सभी समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ चर्चा करते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना, उनकी आवाज़ को प्राथमिकता देना तथा विराटनगर के समग्र विकास के संकल्प को साकार करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## सार-समाचार

### अध्ययन में एकाग्रता बढ़ाने के लिए योग जरूरी - राजेश यादव



**मनोहरपुर, (निसं)।** पी.एम.श्री. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मनोहरपुर के प्रांगण में आज विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार यादव के कुशल निर्देशन में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य सामूहिक योग अभ्यास एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने विशेष रूप से भाग लिया। इसके साथ ही विद्यालय के समस्त स्टाफ, विद्यार्थियों और अभिभावकों सहित लगभग 300 प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 बजे प्रधानाचार्य एवं मुख्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य योग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए एक विशेष योग सत्र आयोजित किया गया। उपस्थित सभी 300 प्रतिभागियों ने एक लय में ताड़ासन, वृक्षासन, भद्रासन, सूर्य नमस्कार के साथ-साथ कपालभाति, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास किया।

### सांभर में वीएचपी व बजरंग दल की कार्यकारिणी गठित



**सांभरझील, (निसं)।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, की बैठक का आदर्श विद्या मंदिर में आयोजन किया गया। जिसमें सांभर नगर की विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल की इकाई का विस्तार करते हुए सांभर प्रखंड अध्यक्ष शरद कालानी द्वारा निम्न दायित्वो की घोषणा की गई। जिसमे सांभर नगर से मंत्री प्रमोद जोशी, नगर उपाध्यक्ष कैलाश सिखवाल, नगर गौ सेवा प्रमुख बबलू बंजारा, बलोपासना प्रमुख लक्की साहू, समरसता प्रमुख भावेश घोड़ेला, प्रचार-प्रसार प्रमुख पियूष सैनी, मिलन प्रमुख भविष्य शर्मा को नवीन दायित्व दिया गया। बैठक में प्रखंड मंत्री सुनील शर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष नवल किशोर जांगिड़, प्रखंड धर्माचार्य दिनेश बंजारा, नगर अध्यक्ष दिनेश शर्मा, सहमंत्री पवन शर्मा, बजरंग दल संयोजक जॉनी चावला, विजय कुमार प्रजापत सहित अनेक लोगों की उपस्थिति रही । बैठक में आगामी होने वाली बाबा बुढ़ा अमरनाथ की यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में चलने का आग्रह किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित



**लालसोट।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर लालसोट क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर योग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगरपरिषद लालसोट की ओर से लाल क्लब स्टेडियम में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक रामबिलास मीणा, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कर नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। वहीं स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुरा में प्रधानाचार्य चौथमल मीणा के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक जितेंद्र सैनी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योगाभ्यास करवाया। योग सत्र के पश्चात मतदाता जागरूकता एवं लोकतांत्रिक भागीदारी की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। साथ ही मतदाता जागरूकता जैसे अभियानों के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश भी दिया गया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी एवं पंचायत शिक्षक धर्मेंद्र तिवाड़ी ने विद्यालय कार्यक्रम की जानकारी दी।

### प्रभारी मंत्री सुरेश रावत ने सोनोग्राफी मशीन का शुभारंभ किया

**भरतपुर, (निस)।** राजकीय सैटेलाइट हॉस्पिटल में नवीन सोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन जिला प्रभारी मंत्री सुरेष रावत ने फीता काट कर किया गया। प्रभारी मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि उन्होंने कहा कि अब नागरिकों को सोनोगाफी के लिए आरबीएम अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। राजकीय सैटेलाइट हॉस्पिटल में आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा ने कहा कि भाजपा सरकार चिकित्सा क्षेत्र में नए-नए आयाम स्थापित कर रही हैं तथा जनहित में जो भी चिकित्सा संबंधी मांगे होती हैं उसके लिए सरकार ध्यान दे रही है। इस मौके पर भरतपुर विकास प्राधिकरण के कमिश्नर कनिष्क कटारिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गौरव कपूर, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी तिवारी, सत्येंद्र गोयल, बबलू कुरका, महेश वाल्मीकि सरपंच, महेंद्र कुमार शर्मा ,विक्रम सिंह (दीपू )मदन मोहन गुप्ता, बी एल गर्ग मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी गौरव कपूर, अस्पताल प्रभारी डॉक्टर योगेंद्र सिंह, स्त्री रोग विशेषज्ञडॉ वीरेंद्र रावत, डॉ तरुण तिवारी,नर्सिंग अधीक्षक रूप किशोर एवं स्टाफ एवं स्थानीय जनता मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन महेश वाल्मीकि सरपंच ने किया। सैटेलाइट प्रभारी अधिकारी डॉ योगेंद्र सिंह द्वारा सभी का आभार जताया गया।

### जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दिया नियमित योग का संदेश

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देषानुसार रविवार 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान योगगुरू पूरणमल यादव के कुशल निर्देशन में न्यायालय के अधिकारीगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण एवं पीएलवी (पैरालीगल वॉलेंटीयर्स) द्वारा विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास किया गया। योग गुरु ने उपस्थित सभी लोगों को स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग के महत्व को समझाया। इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीष रवि शर्मा ने योग दिवस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग ना केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक शांति और तनाव मुक्ति के लिए भी बेहद जरूरी है। उन्होंने न्यायालय के समस्त स्टॉफ और उपस्थित जनसमूह को योग को नियमित रूप से अपने दैनिक जीवन का भाग बनाने का संदेश दिया। इस दौरान एडीजे क्रम 02 राजेश कुमार, एडीजे क्रम 03 अंजुम खान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव नीलम मीणा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाति पारीक, जिला अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. बजरंग लाल शर्मा समेत न्यायालय स्टॉफ, अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वॉलेंटीयर्स मौजूद रहें।

